विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।

प्रश्न संख्या	प्रश्न	उत्तर
10 (क)	क्या पशुधन मंत्री बतायेंगे कि बेसहारा/निराश्रित गोवंश संरक्षण योजना के अंतर्गत प्रदेश में निराश्रित गोवंश आश्रम स्थलों की संख्या कितनी है?	जी हाँ। प्रदेश में अद्यतन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित 6744 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 291 कान्हा गोशाला, 306 कांजी हाउस तथा 372 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों सहित कुल 7713 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की गई है।
(ख)	बेसहारा/निराश्रित गोवंश आश्रम में कितने गोवंश संरक्षित किये गये हैं?	निराश्रित/बेसहारा गो आश्रय स्थलों में 12,43,623 गोवंश संरक्षित किये गये हैं।
(ग)	प्रति गोवंश आश्रम पर पशुपालन विभाग द्वारा क्या-क्या सुविधायें प्रदान की जा रही हैं?	प्रति गोवंश आश्रय स्थल पर गोवंशों के भरण-पोषण, चिकित्सा, टीकाकरण तथा रखरखाव की सुविधा प्रदान की जा रही है।
(घ)	बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बेसहारा/निराश्रित गोवंश के संरक्षण की पशुपालन विभाग द्वारा कोई विशेष योजना संचालित की जा रही है उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?	जी नहीं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बेसहारा/निराश्रित गोवंश संरक्षण की कोई विशेष योजना संचालित नहीं की जा रही है।

Signed by
Dharm Pal Singh
Date: 18-02-2025 13:25:11

(धर्मपाल सिंह)
मंत्री,
पशुधन विभाग, उ0प्र0।